Title: Need to give preference to degree holders of food technology for appointment to the post of 'Food Inspector'.- Laid

श्री सुरेश रामराव जाधव (परभनी): अध्यक्ष महोदय, खाद्य और उपभोक्ता मामले मंत्रालय के अंतर्गत खाद्य और औाधि प्रशासन विभाग में पूरे देश में खाद्य निरीक्षकों की नियुक्ति की जाती है, जिसमें शैक्षिक योग्यता विज्ञान स्नातक है। अब देश के अनेक विश्वविद्यालयों में खाद्य विज्ञान और तकनीकी में स्नातक पाठ्यक्रम आरंभ कर दिए है। निश्चय ही खाद्य निरीक्षकों के पद पर ऐसे स्नातकों की नियुक्ति उपयोगी होगी।

अतः इस सदन के माध्यम से मैं सरकार से अनुरोध करता हूं कि खाद्य निरीक्षकों के पद पर नियुक्ति हेतु खाद्य विज्ञान और तकनीकी में स्नातक की शैक्षिक योग्यता को वरीयता दी जाये तथा यदि आवश्यक हो तो इस हेतु खाद्य अपमिश्रण निवारण अधिनियम में आवश्यक संशोधन किये जायें।